Title: Need for early completion of Yamuna-Satluj Link Canal Project.

डॉ. सुशील कुमार इन्दौरा (सिरसा) :अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान यमुना सतलुज लिंक नहर परियोजना की ओर दिलाना चाहता हूं। यह परियोजना गत लगभग दो दशकों से प्रारम्भ है किन्तु अभी तक पूरी नहीं हो पा रही है। मैं नहीं समझ पा रहा हूं कि क्या देश का एक भाग सम्पन्न और समृद्ध बन जाये और दूसरा राज्य कंगाली के कगार पर आकर खड़ा हो जाये तो देश के इस विकास को उचित समझा जा सकता है। पानी की कमी का नाम देकर इस परियोजना के निर्माण को रोक दिया गया है। पानी की यदि कमी होगी तो सारा देश मिलकर इस चुनौती को स्वीकार करेगा और यदि जल की बहुतायत है तो उसे भी सारा देश सम्भालेगा। अभी उच्चतम न्यायालय ने निर्देश देकर परियोजना के निर्माण की तकनीकी खामियों को दूर कर दिया है और केन्द्र सरकार के लिये रास्ता साफ कर दिया है कि वह इसके निर्माण को अविलम्ब पूरा करे।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस परियोजना के निर्माण को शीघ्र पूरा किया जाये।